भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1901

02 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

सबेया हवाई पट्टी की सीमा/बाड़ बंदी

1901. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रक्षा भूमि के अतिक्रमण को रोकने के लिए सबेया हवाई पट्टी की सीमा/बाड़ बंदी के लिए कोई निधि आवंटित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजन हेतु कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ग) इस संबंध में व्यय की गई राशि और संपन्न किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख) जी, हाँ। सबेया परित्यक्त एयरफील्ड, जिला-गोपालगंज (बिहार) में 473.29 एकड़ रक्षा भूमि का संरक्षण करने के लिए 4,01,12,516/- रुपये की अनुमानित लागत से चेन लिंक बाड़बंदी करने और चारदीवारी खंभे लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

(ग) और (घ) कार्यकारी एजेंसी होने के कारण रक्षा संपदा अधिकारी, दानापुर ने 4,01,12,516 रुपये की धनराशि गैरीसन इंजीनियर (एमईएस) के पास जमा कर दी है। उपर्युक्त कार्य के लिए निविदा जारी कर दी गई है। अभी तक, कोई राशि व्यय नहीं की गई है ।

*****